ग़व्वासी

सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल

सम्पादक :
राजकिशोर पाण्डेय
अक्बरुद्दीन सिद्दीक़ी

दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति, हैदराबाद

विवरण

हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद तथा इदारे अदबियाते उर्दू, हैदराबाद के संयुक्त प्रयत्नों से दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति की स्थापना ६ अक्तूबर १६५३ को हुई। समिति के पदाधिकारी तथा सदस्य निम्न प्रकार हैं :--

(१) डाक्टर बी. रामकृष्णराव
(मुख्य मन्त्री हैदराबाद राज्य) अध्यक्ष

(२) श्री लक्ष्मीनारायण गुप्त आई. ए. एस.
(शिक्षा सचिव, हैदराबाद राज्य) उपाध्यक्ष

(३) डा० एस. एम. क़ादरी ज़ोर एम ए. पी. एच. डी.
(मन्त्री इदारे अदबियाते उर्दू) उपाध्यक्ष

(४) श्रीमती विमल वाघ्रे एम-ए. मन्त्री

(५) श्री श्रीराम शर्मा (मन्त्री हिन्दी प्रचार सभा)
(लेक्चरार गवर्नमेण्ट कॉलेज गुलबर्गा) सदस्य

(६) श्री गोपालराव अपसिंगीकर
(लेक्चरार लॉ कॉलेज, हैदराबाद) ,,

(७) श्री वंशीधर जी विद्यालङ्कार
(अध्यक्ष हिन्दी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(८) श्री राजकिशोर पाण्डेय एम-ए.
(लेक्चरार निज़ाम कॉलेज, हैदराबाद) ,,

(९) श्री जितेन्द्रनाथ वाघ्रे बी-ए. एल-एल. बी.
(एडवोकेट, हाईकोर्ट, हैदराबाद) ,,

(१०) श्री श्रीनिवास लाहोटी ,,

(११) प्रोफेसर अब्दुल क़ादर सरवरी एम ए. एल-एल. बी.
(अध्यक्ष उर्दू विभाग उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(१२) प्रोफेसर मजीद सिद्दीक़ी एम-ए. एल एल. बी.
(प्रो. इतिहास और राजनीति, उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(१३) प्रोफेसर हुसेन अली खाँ
(भूतपूर्व डीन, आर्ट्स कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(१४) श्री हमीदुद्दीन शाहद एम-ए.
(लेक्चरार चादरघाट कॉलेज) ,,

(१५) फजलुर्रहमान एम ए.
(भूतपूर्व शिक्षा संचालक, हैदराबाद) ,,

इस समिति ने निश्चय किया है : —

(१) प्रति वर्ष दक्खिनी की पाँच उत्कृष्ट रचनाएँ आवश्यक टिप्पणियों और सम्पादन के साथ नागरी लिपि में प्रकाशित की जाएँ।

(२) दक्खिनी की जो उत्तम पुस्तकें अब तक फ़ारसी लिपि में नहीं छपीं उन्हें नागरी के साथ साथ फ़ारसी लिपि में भी छपाया जायेगा।

(३) दक्खिनी के सम्बन्ध में जो लोग शोध-कार्य करना चाहते हैं उन्हें आवश्यक सहायता दी जायगी।

समिति की प्रार्थना पर केन्द्रीय सरकार के शिक्षा मन्त्रालय ने साहित्य प्रकाशन के लिए ७५०० रु० की एक कालिक सहायता दी है। हैदराबाद राज्य ने समिति को ३५०० रु० वार्षिक की सहायता प्रदान की है। केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार की सहायता प्राप्त कराने में राज्य के मुख्य मन्त्री डा० बी. रामकृष्णराव ने सहायता की।

हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद ने समिति को सहायता के रूप में ३००० रु० दिए हैं और इदारे अदबियाते उर्दू ने ७५० रु.। श्री लक्ष्मीनारायण जी गुप्त ने समिति की बैठकों का संचालन तथा समय समय पर समिति के कार्यों का उचित रूप से निर्देशन किया।

समिति की पुस्तकें हिन्दी प्रेस, हिन्दी प्रचार सभा, हैदराबाद से प्रकाशित हो रही हैं। प्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुस्तकों को समय पर प्रस्तुत करने में पूर्ण योग दिया है।

इन पुस्तकों का सम्पादन कर के तथा आवश्यक सुझाव दे कर जिन लोगों ने सहायता पहुँचाई है—और जिन लोगों ने जिस रूप में भी सहयोग दिया उन सब के प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ।

विमला वाघ्रे, मन्त्री
दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति
मार्गशीर्ष कृ. ४' २०११
१४-११-'५४

बशीरबाग़ रोड
हैदराबाद (दक्षिण)

दो शब्द

भारतीय भाषाओं के विकास के इतिहास में हिन्दी और उर्दू का विकास एक उल्लेखनीय अध्याय है। यह बात इसलिए नहीं कही गई है कि हिन्दी तथा उर्दू एक दूसरे के अत्यन्त निकट हैं—सच बात तो यह है कि व्याकरण के नियमों और दूसरी बहुत सी बातों में दोनों अभिन्न हैं—इन दोनों भाषाओं ने अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावली तथा विन्यास से बहुत कुछ ग्रहण किया है। हिन्दी तथा उर्दू की एक मिली जुली पुरानी शैली दक्खिनी का निर्माण करती है। इसमें दक्षिणी भाषाओं ने भी अपना योग दिया है, हालांकि इन भाषाओं को एक दूसरे ही कुल की भाषा माना जाता है।

हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने के बाद यह ज़रूरी हो गया है कि भाषा-विज्ञान के विशेषज्ञ तथा विद्यार्थी हिन्दी भाषा और उसके विकास में योग देने वाले उन अन्य साधनों का वैज्ञानिक अध्ययन करें जिन के कारण हिन्दी को वर्तमान रूप प्राप्त हुआ है। १४ वीं शती से अब तक दक्खिनी शैली में जो साहित्य निर्मित हुआ वह इस अध्ययन में बहुत सहायक तथा मूल्यवान सिद्ध होगा।

वर्तमान हिन्दी तथा उर्दू के अध्ययन के लिए दक्खिनी साहित्य बहुत महत्वपूर्ण है। इस तथ्य को हिन्दी और उर्दू के चिन्तक और विशेषज्ञ उत्तरोत्तर स्वीकार करते जा रहे हैं। हैदराबाद में दक्खिनी पुस्तकें बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं। विशेष कर आसफिया पुस्तकालय, विश्वविद्यालय, इदारे अदबियाते उर्दू, सालारजंग पुस्तक संग्रहालय तथा बहुत से निजी संग्रहालयों में दक्खिनी साहित्य की अनेक हस्तलिखित पुस्तकें हैं। कुछ समय पूर्व स्वर्गीय नवाब सालारजंग बहादुर के संरक्षण में प्रसिद्ध साहित्य सेवियों की एक समिति ने हैदराबाद में प्राप्त दक्खिनी के महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थों को फ़ारसी लिपि में प्रकाशित करने का यत्न किया था। इस समिति की ओर से कुछ हस्तलिखित ग्रन्थ प्रकाशित भी हुए जो इस समय सालारजंग सम्पत्ति की ट्रस्ट के पास भण्डार में हैं।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि "दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति" नाम से हैदराबाद में एक व्यवस्थित संगठन बना है जो इस काम को आगे बढ़ाएगा। इस संगठन का उद्देश्य है—भारत तथा भारत के बाहर अन्य देशों में उपलब्ध दक्खिनी पुस्तकों और हस्तलिखित ग्रन्थों का सर्वांगीण पर्यवेक्षण करना, दक्खिनी के सभी उपलब्ध मुद्रित तथा हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह करते हुए एक अच्छे पुस्तकालय का निर्माण, दक्खिनी के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का नागरी तथा फ़ारसी में प्रकाशन तथा यथा सम्भव दक्खिनी साहित्य का अनुसन्धान।

इस समिति को केन्द्रीय सरकार और हैदराबाद राज्य की सहायता प्राप्त है।

इस समय समिति ने हैदराबाद में उपलब्ध दक्खिनी की १५ अत्यन्त महत्वपूर्ण पुस्तकों को नागरी लिपि में प्रकाशित करने का कार्य प्रारम्भ किया है। इस कार्य में हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद तथा इदारे अदबियाते उर्दू का सहयोग उपलब्ध है। दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति का निर्माण इन दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों से हुआ है। जो हस्तलिखित ग्रन्थ अब तक फ़ारसी लिपि में प्रकाशित नहीं हुए हैं उन्हें इस लिपि में भी प्रकाशित किया जाएगा।

इन हस्तलिखित पुस्तकों के प्रकाशन से हिन्दी तथा उर्दू गद्य के विकास पर पर्याप्त प्रकाश पड़ेगा तथा दोनों भाषाओं की शब्दावली में भी वृद्धि होगी। दक्खिनी साहित्य भाषा सम्बन्धी दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु उस की कुछ रचनाएँ साहित्यिक दृष्टि से भी अत्यधिक उत्कृष्ट कोटि की हैं, अतः मुझे आशा है जहाँ समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तकें अनुसन्धान करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुमूल्य सिद्ध होंगी, वहाँ उन से विशेषज्ञों और साहित्य प्रेमियों का मनोरंजन भी होगा।

मार्गशीर्ष कृ. ४' २०१५
१४-११-'५८

डाक्टर बी० रामकृष्णराव
अध्यक्ष
दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति

भूमिका

कुतुबशाही वंश :

सन् १५१८ में सुल्तान कुली ने गोलकुण्डा में कुतुबशाही राज्य की नींव डाली। सुल्तान कुली फ़ारस में हमदान का निवासी था और बहमनी बादशाहों के समय में भारतवर्ष आया था। सुल्तान मुहम्मदशाह चतुर्थ ने इसे अपना अंग-रक्षक नियुक्त किया। यह अपनी प्रतिभा और योग्यता के कारण उन्नति करता गया और कुछ दिनों में तेलंगाना प्रान्त का गवर्नर नियुक्त हुआ। यह सुल्तान मुहम्मदशाह का बड़ा विश्वासपात्र सरदार था। बहुत से प्रान्तीय गवर्नरों के स्वतन्त्र हो जाने पर भी इसने बहमनी साम्राज्य से सम्बन्ध विच्छेद नहीं किया किन्तु सन् १५१८ में बादशाह के व्यवहारों से तंग आकर स्वतन्त्रता की घोषणा कर दी और इस प्रकार गोलकुण्डा में कुतुबशाही राज्य की स्थापना हुई।

क़रीब १६६ वर्षों तक इस वंश के निम्नांकित सात बादशाहों ने गोलकुण्डा में शासन किया :—

१ सुल्तान कुली (सन् १५१८ से १५४३ तक)
२ जमशेद कुली कुतुबशाह (१५४३ से १५५० तक)
३ इब्राहीम कुली कुतुबशाह (१५५० से १५८० तक)
४ मुहम्मद कुली कुतुबशाह (१५८० से १६१२ तक)
५ मुहम्मद कुतुबशाह (१६१२ से १६२५ तक)
६ अब्दुल्ला कुतुबशाह (१६२५ से १६७२ तक)
७ अबुल हसन तानाशाह (१६७२ से १६८७ तक)

बीजापुर पर विजय प्राप्त करने के बाद सन् १६८७ में औरंगज़ेब ने गोलकुण्डा पर आक्रमण किया और आठ मास क़िले को घेरे पड़ा रहा। अन्त में तानाशाह बन्दी बना कर दौलताबाद भेज दिया गया और गोलकुण्डा साम्राज्य का अन्त हुआ।

बादशाहों का साहित्य-प्रेम :

गोलकुण्डा के बादशाहों के शासन काल में कला एवं साहित्य-विशेषतः दक्खिनी साहित्य की बड़ी उन्नति हुई। बहमनी बादशाहों की भाँति गोलकुण्डा के अधिकांश बादशाहों के शासन काल में दक्खिनी राज्य-भाषा के पद पर आसीन रही। कुतुबशाही वंश के शासकों में बहुत से बादशाह स्वयं बहुत अच्छे कवि थे एवं उन्होंने बहुत से कवियों एवं लेखकों को अपने राज्य में आश्रय दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि इस वंश के शासन काल के क़रीब पौने दो सौ वर्षों में साहित्य की बड़ी उन्नति हुई।

इस वंश का संस्थापक सुल्तान कुली यद्यपि फ़ारस का निवासी था और उसकी मातृभाषा फ़ारसी थी किन्तु भारतवर्ष में अधिक दिनों से रहने एवं बहमनी बादशाहों के समय में गवर्नर रहने के कारण उसे दक्खिनी का अच्छा ज्ञान था। फ़रिश्ता ने लिखा है कि इसने गोलकुण्डा में 'ऐशखाना' नाम का एक विशेष भवन बनवाया था; जिसमें कवि एकत्रित होकर अपनी कविताएँ सुनाते थे। बादशाह स्वयं उन मुशायरों में उपस्थित होता था।

इस वंश का चौथा बादशाह सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुबशाह दक्खिनी, तेलुगु और फ़ारसी का अच्छा विद्वान् एवं कवि था। उसकी रचनाओं का एक संग्रह कुलियात नाम से प्रसिद्ध है। यह पुस्तक १८०० पृष्ठों की एक भारी-भरकम पुस्तक है और कई दृष्टियों से इसका दक्खिनी साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान है। कुलि-यात की अधिकांश रचनाएँ मौलिक हैं और उनमें नवीनता है। उसमें हिन्दी शब्दों का प्रयोग अधिक है और जिन फ़ारसी शब्दों का प्रयोग किया गया है; उन्हें भी हिन्दी के साँचे में ढाल कर। उसमें भारतीय रीति-रिवाजों; यहाँ के शूर-वीरों और ऋतुओं आदि का सुन्दर वर्णन है।

मुहम्मद कुली कुतुबशाह की रचनाओं से पता चलता है कि उसके समय में ही उसकी रचनाएँ पर्याप्त लोकप्रिय हो चुकी थीं। उसके शेरों को राजमहलों और मजलिसों में गाया जाता था। बहुत से शायर इसके तर्ज़ पर शेर लिखते और इसकी शायरी की प्रशंसा में गज़लें लिखते।

मुहम्मद कुली ने अपने चारों तरफ़ इस तरह का वातावरण पैदा कर दिया था कि न चाहने पर भी उसे शायरी करनी पड़ती। उसने अपने एक शेर में लिखा है कि :—

"कुतुबशाह रोज़ ऐसे ही शेर कहता है जैसे नदी में लहरें उठती हैं। किन्तु न तो नदी की गति में कोई अन्तर पड़ता है और न लहरों का वेग ही कम होता है।"

यही कारण है कि मुहम्मद कुली की कविता में सादगी; स्वाभाविकता और प्रवाह है।

इसने अपने समय की कविता को एक नई दिशा की ओर मोड़ा। उस समय तक अधिकांश कविताएँ धार्मिक विषयों पर लिखी जाती थीं। उसने अपनी कविता के लिए नये-नये विषयों को चुना। उसने हिन्दू मुसलमानों के रीति-रिवाजों; त्योहारों एवं प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन बड़ी सुन्दरता के साथ किया है।

इस वंश का पाँचवाँ बादशाह सुल्तान मुहम्मद कुतुबशाह भी फ़ारसी और दक्खिनी का अच्छा कवि था। उसका एक दीवान फ़ारसी का और दूसरा दक्खिनी का उपलब्ध है। इन दीवानों में फ़ारसी और दक्खिनी काव्य के विविध रूप दिखलाई पड़ते हैं। ये; फ़ारसी की कविताएँ 'जिलुल्ला' और दक्खिनी की कविताएँ 'कुतुबशाह' उपनाम से करते थे।

गोलकुण्डा के कुतुबशाही शासकों के आश्रय में रहने वाले कवियों में—वजही; ग़वासी; इब्न निशाती; ग़ुलामअली; तानाशाह; तबई और सेवक मुख्य हैं।

ग़वासी का जीवन-वृत्त :

ग़वासी की रचनाओं को देखने से पता चलता है कि वह अपने समय का बहुत बड़ा कवि था किन्तु तत्कालीन इतिहासों और बाद के लिखे गए तज़किरों से उसके जीवन-वृत्त पर बहुत कम प्रकाश पड़ता है। स्थान स्थान पर उसकी रचनाओं में प्राप्त अन्तः-साक्ष्यों से ज्ञात होता है कि वह गोलकुण्डा का निवासी था और सुल्तान अब्दुल्ला कुतुबशाह का समकालीन था।

ग़वासी ने अपनी रचनाओं में कहीं 'ग़वासी' और कहीं 'ग़वास' उपनाम का प्रयोग किया है। इसका असल नाम भी यही था या कुछ दूसरा था और इसके माता-पिता कौन थे; इसके सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है। ग़वासी की जन्मतिथि ज्ञात नहीं है किन्तु यह अनुमान किया जाता है कि यह इब्राहीम कुली कुतुबशाह के शासन काल में पैदा हुआ और इसने सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुबशाह के शासन काल में कविता करना आरंभ किया। इसने अपनी मसनवी 'सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल' को उस समय पूरा किया जब अब्दुल्ला कुतुबशाह गद्दी पर बैठ चुका था।

ग़वासी ने इस मसनवी का रचना काल पुस्तक के अन्त में दिया है :—

"बरस एक हज़ार पंजतीस में; किया खत्म यू नज्म दिनतीस में"

इससे प्रतीत होता है कि ग़वासी ने अपनी इस मसनवी को १०३५ हिजरी (सन् १६२६) में पूरा किया।

"यूरोप में दक्खिनी मखतूतात" के लेखक श्री नसीरुद्दीन हाशमी ने लिखा है कि यूरोप में प्राप्त कुछ हस्त लिखित प्रतियों में पाठ-भेद मिलता है। उन प्रतियों में उपर्युक्त शेर नीचे लिखे रूप में प्राप्त हैं :—

१ बरस एक हज़ार हौर पंजवीस में; किया खत्म यू नज्म दिनतीस में
२ बरस एक हज़ार हौर सत्तावीस में; किया खत्म यू नज्म दिनतीस में

इन शेरों के अनुसार "सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल" का रचना काल १०२५ हिजरी (सन् १६१७) और १०२७ हिजरी (सन् १६१८) निकलता है। किन्तु पुस्तक के प्रारंभ में जो बादशाह की तारीफ़ की गई है उससे एवं पुस्तक के अन्त के कुछ शेरों से पता चलता है कि पुस्तक अब्दुल्ला कुतुबशाह के शासन काल में लिखी गई। अब्दुल्ला कुतुबशाह १०३५ हिजरी (सन् १६२६) में गद्दी पर बैठ चुका था। अस्तु; इसी वर्ष पुस्तक लिखी गई; यह मानना उचित होगा।

उपर्युक्त मसनवी के लिखने के समय तक ग़वासी तत्कालीन कवियों में पर्याप्त ख्याति प्राप्त कर चुका था किन्तु दरबार में उसे कोई सम्मान प्राप्त न था। वह किसी मामूली नौकरी से अपनी जीविका निर्वाह करता था और अपने दिन ग़रीबी में बिता रहा था। ग़वासी ने उपर्युक्त मसनवी के अन्त में इसे स्वीकार किया है और उसने बादशाह का ध्यान अपनी ग़रीबी की ओर आकृष्ट किया है :—

जो सुल्तान अब्दुल्ला इन्साफ़ कर
मेरे जौहराँ पोते दिल साफ़ कर
देवे दाद मेरा बहुत मान पाऊँ
उमस दूर थे ता गिरेबान पाऊँ
कि यू शाह मेरा ख़रीदार होय
तो ताज़ा मेरा तब्रये गुलज़ार होय
कि ग़मगीं हूँ मैं सख़्त संसार ते
धरू दग़दग़े लाक इस आज़ार ते
परेशानगी में जम्याँ ख़्याल मैं
ले आया हूँ ऐसे रतन ढाल मैं

किन्तु ग़रीबी में भी उसे अपनी काव्य शक्ति का गर्व था। वह हिन्दुस्तान के सभी शायरों में अपने को बड़ा समझता था :—

मेरा ज्ञान अजब शकरिस्तान है
जो इस थे मिठा सब हिन्दुस्तान है
जिते हैं जो तूती हिन्दुस्तान के
भिकारी हैं मुंज शक्करिस्तान के
शकर खा मेरे शक्करिस्तान थे
मिठे बोल उठे वो अपस ज्ञान थे
लताफ़त मनें मैं सुख़न संज हूँ
घर न हार लक ग़ैब के गंज हूँ
जो मैं मन सूँ तब आजमाई करूँ
तो सर्याँ उपर पेशवाई करूँ
हुनर की गवी का सो मैं बाग हूँ
बचन के उतम गंज का नाग हूँ
सके कौन मिलने मेरे तौर में
कि रुस्तम हूँ मैं आज के दौर में

ग़वासी ने अपनी इस मसनवी को सुल्तान अब्दुल्ला कुतुबशाह को समर्पित

किया है और वह लिखता है कि इसके लिए उसे अन्त: प्रेरणा मिली है :—

बहर हाल यू नज़्म इलहाम सूँ
किया मैं नवल शाह के नाम सूँ

ऐसा प्रतीत होता है कि इस मसनवी के लिखने के बाद ग़वासी को दरबार में पर्याप्त सम्मान प्राप्त होने लगा और अन्त में बादशाह ने प्रसन्न होकर उसे 'मलिकुल्शुअरा' की उपाधि से विभूषित किया। यह उपाधि उसे कब और क्यों प्राप्त हुई; इसके सम्बन्ध में तत्कालीन इतिहासकार मौन हैं। किन्तु उस समय दरबार में 'वजही' जैसे प्रतिभा सम्पन्न लेखक और कवि के रहते 'मलिकुल्शुअरा' की उपाधि ग़वासी का पाना; इस बात को सूचित करता है कि वह बादशाह का विशेष कृपा-पात्र बन चुका था।

तत्कालीन इतिहासों से पता चलता है कि १०४५ हिजरी (सन् १६३६) में बीजापुर के बादशाह मुहम्मद आदिलशाह ने मलिक ख़ुशनूद नाम के अपने दरबारी शायर को गोलकुण्डा दरबार में दूत बना कर भेजा। मलिक ख़ुशनूद जब बीजापुर वापिस जाने लगा तो अब्दुल्ला कुतुबशाह ने अपने दरबार के प्रसिद्ध शायर ग़वासी को मलिक ख़ुशनूद के साथ बीजापुर अपने दूत की हैसियत से भेजा। बीजापुर में ग़वासी की बड़ी आव-भगत हुई। इससे प्रतीत होता है कि गोलकुण्डा में ग़वासी की हैसियत केवल शायर की ही न थी बल्कि राज-काज में बादशाह उसके विचारों को महत्व देता था।

अपनी पहली मसनवी के ठीक चौदह वर्षों बाद १०४६ हिजरी (सन् १६४०) में उसने अपनी दूसरी मसनवी "तूतीनामा" की रचना की। उस समय तक उसे पर्याप्त सम्मान प्राप्त हो चुका था और उसे धन-दौलत किसी बात की कमी न थी। किन्तु 'तूतीनामा' के कुछ अंशों को पढ़ने से ज्ञात होता है कि उसकी रचना के समय वह अपनी सांसारिकता से दुःखी था और वह अपना ध्यान ख़ुदा की ओर लगाना चाहता था :—

ग़वासी अगर तूँ है सचला ग़वास
लगा इश्क अपने ख़ुदा सात ख़ास
चलेगा किता नफ़स के कये मने
किता होयगा नावँ के पये मने

× × ×

हो बेदार एक बार इस ख़्वाब ते
निकल भार इस ग़म के गरदाब ते

जो है रहनुमा पीर हैदर तेरा
हम अल्लाह वहे हम पैग़म्बर तेरा
ज कुच ख़्वास्त तेरा है सब उस पू छोड़
दुनिया के इलाक़े ते ले दिल कू तोड़
न कर एतमाद इस गुज़र गाह का
यू फाँदा है दरवेश हौर शाह का
सँभाल अपें ऐ यार इस दाम ते
नको ग़ाफ़िल अछ्र आपने काम ते

ऐसा प्रतीत होता है कि 'तूतीनामा' की रचना के बाद ग़वासी अपना अधिक समय 'इबादत' में लगाने लगा और दरबार में कम आने जाने लगा। संभवतः इसी से इतना बड़ा शायर होने पर भी तत्कालीन इतिहासों और फलतः बाद के तज़किरों में इसके जीवन पर बहुत कम प्रकाश डाला गया। ग़वासी की मृत्यु किस सन् में हुई; इसके सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है किन्तु इतना निश्चित है कि सुल्तान अब्दुल्ला कुतुबशाह के शासन काल में ही इसकी मृत्यु हो गई।

काव्य और शैली :

ग़वासी की दो रचनाएँ उपलब्ध हैं:—

१ सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल
२ तूतीनामा

दकन में उर्दू के लेखक ने ग़वासी की कुछ गज़लों और मर्सियों की भी चर्चा की है और उनके उदाहरण अपनी पुस्तक में दिए हैं।

उपर्युक्त दोनों पुस्तकें फ़ारसी-मसनवियों की प्रणाली पर लिखी गई हैं और उनमें प्रेम कथाओं का वर्णन है। फ़ारसी मसनवियों के अनुसार इन पुस्तकों में पहले ख़ुदा की प्रार्थना; पैग़ंबर की तारीफ़; ख़लीफ़ा की प्रशंसा और तत्कालीन बादशाह के संबंध में लिखा गया है और उसके बाद कहानी का प्रारंभ किया गया है। पहली पुस्तक की कहानी पर आगे के पृष्ठों में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया है। तूतीनामा की कहानी निम्नांकित है:—

भारतवर्ष में एक बड़ा धनी सौदागर रहता था। उसके जहाज सातों समुद्रों में जाते थे और उसके पास ऐसी क़ीमती चीज़ें थीं; जो बड़े-बड़े बादशाहों के पास भी न थीं। किन्तु वह सौदागर किसी पुत्र के न होने से बड़ा दुःखी था बहुत दिनों के बाद उसे एक लड़का पैदा हुआ। लड़का बड़ा ही सुन्दर और प्रतिभाशाली था। सौदागर ने उसकी शादी एक सुन्दरी युवती के साथ कर दी। लड़का धीरे-धीरे अपने बाप का सारा कारोबार देखने लगा। उसने एक मैना और एक तोता ख़रीदा;

जो आदमियों की बोली बोलते थे और जिन्हें कुरान का भी ज्ञान था। तोता भविष्य-दर्शी था। उसने समय-समय पर ऐसी सलाहें दीं कि उनसे उसे बड़ा लाभ हुआ। एक बार वह विदेश में व्यापार के लिए गया। उसकी युवा पत्नी घर में अकेली थी। एक दिन जब वह अपनी छत पर बैठी थी; उसकी निगाह एक सुन्दर नवजवान से मिली जो नीचे रास्ते से जा रहा था। नवजवान ने एक बूढ़े से उस सौदागरिनी के पास प्रेम का सन्देश भेजा। सौदागरिनी भी उस पर आसक्त हो चुकी थी। उसने मैना से इस सम्बन्ध में पूछा किन्तु मैना के मना करने पर उसे मरवा डाला। दूसरे दिन उसने तोता से पूछा। तोता मैना की मृत्यु देख चुका था। उसने मना करने में खतरा देखा और कहा कि ये सब बातें रहस्य की हैं; किसी से कहनी नहीं चाहिए; नहीं तो तुम्हारा और हमारा हाल वही होगा; जो एक रानी का हुआ। इसके बाद तोते ने रानी की कहानी सुनाई और रात बीत गई। दूसरे दिन फिर सौदागरिनी तोते से राय लेने पहुँची। तोते ने कहा कि अपने गहनों को साथ न रखो अन्यथा वह नवजवान धोका देकर तुम्हारे गहनों को ले सकता है, जैसा कि एक कहानी में हुआ है। इसके बाद उस तोते ने वह कहानी सुनाई और रात बीत गई। इस प्रकार तोता ३५ दिनों तक कहानियां सुनाता रहा और सौदागरिनी को टालता रहा। इसके बाद सौदागर आ गया और उसे तोते से सारी बातें मालूम हो गईं। उसने अपनी व्यभिचारिणी स्त्री को मार डाला और सारी धन संपत्ति ग़रीबों को दान देकर स्वयं फ़क़ीर हो गया।

तूतीनामा के कथानक का आधार कुछ विद्वान् फ़ारसी के एक गद्य की पुस्तक को मानते हैं। वस्तुतः इस कथा का मूल आधार 'शुक-सप्तति' की कथा है; जो फ़ारसी साहित्य एवं अन्य भाषाओं के साहित्यों में भी बहुत पहले ही पहुँच चुकी थी।

ग़वासी ने अपनी पहली मसनवी की रचना सन् १६२६ में की और तूतीनामा उसके ठीक १४ वर्षों के बाद सन् १६४० में लिखा गया। ऐसा प्रतीत होता है कि इन दोनों मसनवियों की कहानियों के चुनाव में भी ग़वासी की तत्कालीन मानसिक स्थिति का बहुत बड़ा हाथ है। पहली मसनवी की रचना के समय ग़वासी में सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की बड़ी अभिलाषा थी। अस्तु; उसने ऐसा कथानक लिया जिसमें प्रेम की सफलता और उसका सौन्दर्य प्रदर्शित करने का प्रयत्न किया गया है। तूतीनामा के अनेक उद्धरणों से स्पष्ट है कि उसकी रचना के समय वह अपनी सांसारिकता से ऊब चुका था। अस्तु; उस समय वह एक ऐसी कहानी चुनता है जिसमें सांसारिक प्रेम का खोखलापन और उसकी निःस्सारता प्रदर्शित की गई है।

ग़वासी की जो दो मसनवियाँ उपलब्ध हैं; उन दोनों की कहानियाँ मौलिक नहीं हैं किन्तु उन दोनों में ग़वासी की प्रतिभा का पूर्ण चमत्कार दिखलाई पड़ता है। यही कारण है कि ग़वासी की केवल दो रचनाए उपलब्ध होने पर भी उसका

स्थान दक्खिनी के कवियों में बहुत ऊँचा है। उसने अपनी प्रतिभापूर्ण वर्णन शक्ति; सुन्दर शब्दों के चुनाव; नई उपमाओं और अपनी अद्भुत सूझ-बूझ से इन कथानकों को नया रूप प्रदान कर दिया है। अपनी पहली मसनवी में ग़वासी स्वयं लिखता है :—

मेरा दिल ख़ज़ीना जो मामूर है
बचन के जवाहिर सों भरपूर है
लगा रोलने ताईं मैं जौहराँ
चिपाया तजल्याँ में नौं अंबराँ
कया शेर ताज़ा बड़े छन्द सों
हर एक बन्द बसलाइया बन्द सों
जो लफ्ज मिलाया रंगेली निछल
पुरोया जवाहिर की छेली निछल
ख़्यालाँ के फौजाँ को दौड़ाइया
हज़ाराँ नवे तशबिहाँ लाइया
जो कुछ तशबिहाँ ख़ूब माकूल हैं
मेरे ख़्याल के बन के वो फूल हैं

ग़वासी की प्रतिभा का पता इससे चलता है कि उसने पहली मसनवी को केवल तीस दिनों में पूरा किया। ग़वासी की दोनों मसनवियों में स्थान स्थान पर प्रकृति का बड़ा संश्लिष्ट चित्रण मिलता है। तूतीनामा में एक स्थान पर ग़वासी ने प्रातःकाल का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया है। 'सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल' में स्थान स्थान पर समुद्रों; नगरों और बाग़ीचों का बड़ा सुन्दर वर्णन मिलता है। सिंहल द्वीप के बाग़ीचे का वर्णन देखिए :—

कहूँ वाँके चमनाँ कूँ मैं क्यों चमन
कि था हर चमन साफ़ एक एक गगन
भर अमरत सूँ चमनाँ के म्याने तमाम
जड़त के अथे हौज़ ख़ाने तमाम
बने-बन बरक लहलहाते अथे
कल्याँ पर कल्याँ बार आते अथे
पवन झोले खा फूल की डाल हल
सो पड़ते अथे फूल हर झाड़ तल
मगर आ अंबर के चितारे तमाम
चमन में बिछाये थे तारे तमाम

अथे बूँद शबनम के यूँ पात में
रतन खास खूबाँ के ज्यूँ हात में

ग़वासी ने अपनी पहली मसनवी के प्रारंभ में सखुन की तारीफ़ में जो 'बचन' या शब्द शक्ति का वर्णन किया है; वह दक्खिनी साहित्य में ही नहीं अन्य साहित्यो में भी बेजोड़ है।

ग़वासी की भाषा तीन सौ वर्ष पुरानी बोलचाल की दक्खिनी है। उसमें निम्नांकित विशेताएँ दिखलाई पड़ती हैं।

(१) उसमें फ़ारसी शब्दों की अपेक्षा हिन्दी शब्दों के प्रयोग की ओर अधिक झुकाव है। उसमें हिन्दी के बहुत से ऐसे शब्दों का भी व्यवहार हुआ है; जो संस्कृत से आये हैं और जिनका प्रयोग तत्सम रूप में होता है। उदाहरणार्थ नीचे लिखे शब्दों को लिया जा सकता है :—

अन्त, तल, भुजंग, पन्थ, पवन, निराधार, अंबर, नाद, मान, ज्ञान; तुरंग, अमृत, निरंजन, दुःख, गंभीर, आधार, नीर, आनन्द, हस्त, कामिनी, बल, बालक, निर्मल, मार्ग, अधर, गगन, निशि, ज्योति, चन्द्र, धीर, रोमावली, अन्धकार, द्वन्द, मोहिनी, ध्यान, मद।

इन तत्सम रूपों के अतिरिक्त ग़वासी ने बहुत से ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है; जो हिन्दी में संस्कृत से आये हैं किन्तु उनका प्रयोग तद्भव रूप में होता है। जैसे :—

पन्त, तिर्जग (त्रिजग), दिपाना (दीप्त करना), बिर्द (विरुद), जग, सगल (सकल), औतार, बँचन, सुजान, सन्दूर (समुद्र), निदा (नाद, शब्द), भान (भानु), खर्ग (खड्ग), सामी (स्वामी), काम, जगपती, दीवा बत्ती, बैन, रतन, फूल, पूत, दीस (दिवस), धरतरी, निछल, सातरा (सत्र)।

(२) ग़वासी की रचनाओं में बहुत से ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया है; जो मराठी, तेलुगु या कन्नड़ से दक्खिनी में आकर मिल गये हैं। इनमें बहुत से शब्द अपने पूर्व रूप में प्रयुक्त हुए हैं और कुछ शब्दों का रूप विकृत हो गया है। जैसे :—

पाड़ना (डालना या निकालना), भंडोली (बर्तन), लई (बहुत), मुंडी (सिर), कंडालना (नफ़रत करना), खंडी (कोड़ी), सटना (खतम होना), दुराही (शासन), सामी (स्वामी), झाड़ (वृक्ष), नेट (दोस्त) इत्यादि।

(३) वाक़िया, नामा, क़िला आदि बहुत से फ़ारसी शब्दों को शुद्ध रूप में न लिख कर उसी रूप में लिखा गया है, जैसा इनका उच्चारण होता है।

(४) ग़वासी ने दक्खिनी के अन्य कवियों की भाँति बहुत से नये शब्दों और मुहाविरों का प्रयोग किया है। जैसे :—

फूल का बार आना (फूल खिलना); मजलिस भराना (दरबार में जाना); दड़ी मारना (जल्दी से चला जाना); मुख जातरा करना (मुख देखना); अन्द गन्द मिटाना (नामो निशान मिटाना); नाँव नंग होना (नेक नामी बदनामी होना) आदि बहुत से नये मुहावरे ग़वासी की रचनाओं में प्रयुक्त हुए हैं।

ग़वासी ने बहुत से ऐसे शब्दों का भी प्रयोग किया है जो या तो नये हैं या जिनका प्रयोग प्रचलित अर्थों से विभिन्न अर्थों में किया गया है। जैसे :—

बहा (भाव या क़ीमत अर्थ में)

"उनन का बहा कोई दे ना सके"

अपसता (अपने से अर्थ में)

"सदा राज करता अथा अपसता"

सूर (ख़ुशी अर्थ में)

"सदा सूर मुझ कूँ तेरे सूर थे"

बदल (लिए अर्थ में)

"अंझू बहाता मोहिनी के बदल"

इसी प्रकार 'ख़ुश मान' का प्रयोग 'इज्ज़त'; 'अभाल' का प्रयोग 'बादल': 'ताव' का प्रयोग 'क्रोध'; 'बरास' का प्रयोग 'आशा पूर्ण होना' आदि अर्थों में किया गया है।

(५) छन्दों में मात्रा की पूर्ति के लिए बहुत से शब्दों का रूप विकृत किया गया है। जैसे :—

(१) हती तेरे दरबार के फाड़ सब
छड़ीदार तुज दार के भाड़ सब

(२) कि ऐ बादशाह; भोगुनी बख़्तवर
तूँ फ़रज़न्द के कारन अब ग़म न कर

(३) कहा मैं 'इसी का' दिवाना हूँ भोत
अगर चे अपन ठार दाना हूँ भोत

(४) एकाएक बड़े ग़ुल सिती हाँक मार
निकल जंगिया आए एक घर ते भार

उपर्युक्त उद्धरणों में 'पहाड़' के स्थान पर 'फाड़'; 'बहुगुनी' के स्थान पर

'भोगुनी'; 'बहुत' के स्थान पर 'भोत'; और 'बाहर' के स्थान पर 'भार' शब्द का प्रयोग हुआ है।

(६) ग़वासी की भाषा में कहीं कहीं लिंग का भी व्यतिक्रम दिखलाई पड़ता है। बहुत से शब्द जिनका आज कल स्त्रीलिंग प्रयोग होता है; पुल्लिंग रूप में प्रयुक्त हुए हैं। जैसे :—

(१) "मुनाजात ग़वास का कर क़बूल"
(२) "हतेली तेरा लोह अंगुली क़लम"
(३) "तेरा याद दायम है चारा उसे"
(४) "मेरा रूह परवाने के सारका"

उपर्युक्त उदाहरणों में 'मुनाजात'; 'हतेली'; 'याद'; और 'रूह' शब्दों का प्रयोग पुल्लिंग हुआ है किन्तु आज कल इन शब्दों का प्रयोग स्त्रीलिंग होता है।

कहानी का संक्षेप :

किसी समय मिस्र में आसिम नवल नाम का बादशाह रहता था। बादशाह को किसी बात की कमी न थी किन्तु वह एक सन्तान के न होने से बहुत दुःखी था। इस दुःख के कारण वह राज-काज से उदासीन रहने लगा। ज्योतिषी लोगों ने उसकी जन्म-पत्री देख कर कहा कि, यदि वह यवन देश के राजा की लड़की से शादी कर ले तो उसे उस रानी से पुत्र की उत्पत्ति होगी। यह बात सुन कर राजा बड़ा प्रसन्न हुआ और उसने अपने एक दूत को बहुमूल्य उपहारों के साथ 'यवन' के राजा के पास भेजा। 'यवन' के बादशाह ने आसिम नवल की प्रार्थना स्वीकार कर ली और बड़ी धूम-धाम से विवाह सम्पन्न हुआ।

जैसी ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की थी; बादशाह को उसी वर्ष एक पुत्र उत्पन्न हुआ। जिसका नाम सैफुल मूलूक रखा गया। संयोगवश उसी दिन मिस्र के वज़ीर को जिसका नाम सालेह था; उसे भी एक पुत्र उपत्न्न हुआ। वज़ीर ने अपने पुत्र का नाम 'साअद' रखा।

सैफुल मुलूक और 'साअद' दोनों में बड़ी मित्रता थी। दोनों का पालन-पोषण साथ साथ हुआ और दोनों की शिक्षा-दीक्षा भी साथ साथ ही हुई। कुछ ही दिनों में दोनों बहुत सी विद्याओं में पारंगत हो गए।

एक दिन बादशाह आसिम नवल ने सैफुल मुलूक और साअद दोनों को बुलाया। बादशाह ने खज़ाने से एक सुनहला बक्स मँगाया और उसमें से एक ज़रीदार कपड़ा और एक अँगूठी निकाल कर सैफुल मुलूक को दी। साथ ही एक सुन्दर घोड़ा भी दिया और कहा कि "ये चीज़ें मुझे हज़रत सुलेमान से प्राप्त हुई थीं। तुम्हीं मेरे उत्तराधिकारी हो। अस्तु; इन चीज़ों को मैं तुम्हें देता हूँ।"

सैफुल मुलूक इन उपहारों को प्राप्त कर बड़ा प्रसन्न हुआ। रात को संयोगवश उसकी दृष्टि उस वस्त्र पर बनी हुई एक तस्वीर पर पड़ी; जो भेंट में उसे पिता से प्राप्त हुआ था। वह तस्वीर में बनी स्त्री के सौन्दर्य को देख कर अपनी सुधि-बुधि खो चुका था।

बादशाह को जब यह खबर मालूम हुई तो उसने साअद को बुलाया और तस्वीर वाले वस्त्र की प्राप्ति का पूरा वृत्तान्त सुनाया। उसने कहा कि "एक दिन मैं दरबार में बैठा हुआ था कि बड़े ज़ोरों की आँधी आई। कुछ ही देर में कुछ परियाँ ये चीजें लेकर मेरे सामने आईं। उन्होंने बतलाया कि इन वस्तुओं को हज़रत मुलेमान ने भेंट में भेजा है।"

बादशाह ने यह भी बतलाया कि वस्त्र पर बनी हुई तस्वीर बदीउल जमाल की है; जो 'गुलिस्ताने-एरम' के बादशाह की बेटी है, उसे प्राप्त करना बड़ा कठिन है।

सैफुल मुलूक की दशा दिन पर दिन बिगड़ती जा रही थी। बादशाह ने बहुत से अनुभवी वैद्यों को बुला कर उसकी दवा करने को कहा। किन्तु उसकी अद्भुत बीमारी का निदान करना वैद्यों के लिए कठिन था। बादशाह ने बहुत से लोगों को गुलिस्ताने-एरम की खोज में भेजा; वे लोग एक साल तक इधर उधर भटकने के बाद वापिस आए किन्तु गुलिस्तान-एरम का कहीं पता न चला।

अन्त में सैफुल मुलूक बादशाह की आज्ञा लेकर स्वयं साअद एवं अन्य साथियों के साथ गुलिस्ताने-एरम की खोज में चल पड़ा।

बहुत से समुद्रों को पार करता हुआ सैफुल मुलूक और उसके साथियों का दल चीन पहुँचा। वहाँ के बादशाह ने सबका बड़ा स्वागत किया और गुलिस्ताने-एरम का पता लगाने का प्रयत्न किया। वहाँ एक एक सौ सत्तर वर्ष के बूढ़े ने बतलाया कि वह बहुत से देशों का भ्रमण कर चुका है किन्तु उसने इस नाम का शहर न देखा है न सुना है। उसने यह भी बतलाया कि, कुस्तुन्तुनियाँ बहुत बड़ा व्यापारिक नगर है; जहाँ संसार के विभिन्न देशों से लोग आते हैं। संभव है वहाँ गलिस्ताने-एरम का पता चल जाए।

सैफुल मुलूक बूढ़े की इस बात को सुन कर चीन के बादशाह से विदा लेकर कुस्तुन्तुनियाँ की ओर चल पड़ा। रास्ते में एक बड़ा तूफ़ान आया। सारी नौकाएँ डूब गईं। साअद एवं सैफुल मुलूक के अन्य साथी कुछ डूब गए और कुछ तख़्तों पर बहते हुए दूर जा पड़े। राजकुमार अकेला एक तख़्ते पर बहता हुआ हब्शियों के एक द्वीप में पहुँचा। हब्शियों ने पकड़ कर राजकुमार को अपने बादशाह के सामने उपस्थित किया। बादशाह ने सैफुल मुलूक को अपनी शाहज़ादी के पास भेजा कि वह उसे भून कर खा जाए किन्तु शाहज़ादी सैफुल मुलूक के सौन्दर्य पर मुग्ध थी। उसने प्रेम प्रकट किया किन्तु राजकुमार के घृणा प्रकट करने पर उसे बन्दीगृह में डाल दिया।

राजकुमार किसी प्रकार हब्शियों के बन्दीगृह से भाग निकला एवं कई द्वीपों में होता तथा अनेक प्रकार के कष्ट उठाता क़ैसरिया नाम के नगर में पहुँचा। इस नगर में बन्दरों का निवास था। वहाँ केवल एक ही मनुष्य था जो उनका बादशाह था। क़ैसरिया के राजा ने राजकुमार का बड़ा स्वागत किया। राजकुमार कई दिनों तक क़ैसरिया के बादशाह का आतिथ्य ग्रहण करता रहा किन्तु वहाँ भी गुलिस्ताने-एरम का पता न पाकर बादशाह से विदा लेकर आगे बढ़ा।

राजकुमार फिर एक द्वीप में पहुँचा। वहाँ हाथी के बराबर मकोड़ देख कर वह बड़ा भयभीत हुआ और एक वृक्ष पर जा चढ़ा। इतने में उसकी दृष्टि समुद्र किनारे खड़े शुतुर मुर्ग़ पर पड़ी। सैफुल मुलूक वृक्ष से उतरा और शुतुर मुर्ग़ के साथ दूर तक निकल जाने की इच्छा में वह उसके पैरों को पकड़ कर लटक गया। शुतुर मुर्ग़ सैफुल मुलूक को लेकर उड़ा और अपने बच्चों के पास पहुचा। शुतुर मुर्ग़ के बच्चे सैफुल मुलूक को खाना ही चाहते थे कि एक बड़ा अजगर उन्हें निगल गया। वह जान बचा कर भागा और पानी के एक स्रोत के किनारे पहुँचा। वहाँ उसे पड़ा हुआ एक सुन्दर अनार का फल मिला; जिसे खाकर उसने अपनी क्षुधा शान्त की।

इसके बाद सैफुल मुलूक इसफ़न्द नाम के द्वीप में पहुँचा। उस द्वीप में उसे एक बड़ा राजमहल दिखलाई दिया। वह महल में पहुँचा। सभी कमरे बेशक़ीमती क़ालीनों से सजे हुए थे। चारों ओर के बाग़ीचों में सुन्दर फूल खिले हुए थे। किन्तु उस महल में किसी मनुष्य का पता न था। राजकुमार कई कमरों में घूमता हुआ महल के मध्य भाग में पहुँचा। उसने देखा कि कमरे के मध्य भाग में एक सुन्दर चौकी रखी हुई है और उस पर कोई स्त्री मुँह ढाँप कर सोई हुई है। राजकुमार और नज़दीक पहुँचा। उसने कई बार उसके पास बैठ कर जगने की प्रतीक्षा की किन्तु बेकार। राजकुमार डरा और वह लौटना ही चाहता था कि उसकी दृष्टि चौकी पर पड़ी हुई पट्टी पर पड़ी। उसने पट्टी को पढ़ कर देखा तो उसे मालूम हुआ कि उस पट्टी पर कोई मन्त्र लिखा हुआ है, जिससे सोई हुई स्त्री की नींद बाँधी गई है। राजकुमार ने पट्टी ज़मीन पर पटक कर तोड़ दी। सोई हुई स्त्री जाग उठी। उसके सौन्दर्य से कमरा प्रकाशित हो उठा। राजकुमार उसे देख कर बड़ा प्रसन्न हुआ।

किन्तु स्त्री बड़े आश्चर्य में थी। उसने राजकुमार से पूछा तुम कौन हो? राजकुमार ने अपनी पूरी कहानी कह सुनाई। सैफुल मुलूक के पूछने पर उस कुमारी ने जो अपने सम्बन्ध में बतलाया उसका सारांश यह है :—

"मैं सिंहल द्वीप की राजकुमारी हूँ। मेरी और दो बहिनें हैं। मेरी बहिनों में मेरी छोटी बहिन बहुत ही सुन्दर है। एक दिन हम तीनों बहिनें पिता-माता की आज्ञा लेकर बगीचे में घूमने गईं और वहाँ हौज़ में स्नान करने लगीं। इतने में बड़े ज़ोरों का बवण्डर उठा। आसमान धूल से भर उठा। इतने में न जाने किधर से एक जानवर आ गया।

वह अपने पंखों से को तेज़ी से चलाता हुआ मुझे लेकर आसमान में उड़ गया और मुझे लाकर यहाँ रखा। उसने मुझे झुक कर सलाम किया और कहा कि वह परियों के बादशाह का छोटा भाई है। उसका बड़ा भाई दरियाये कुलजुम (लाल समुद्र के आस-पास का प्रदेश) का शासक है। उसने यह भी कहा कि वह राजकुमारी के सौन्दर्य पर आकृष्ट है; इसीलिए वह उसे उठा लाया है। मैं किसी प्रकार उसके प्रेम को स्वीकार न कर सकी। अस्तु; उसने उस पट्टी पर कोई मन्त्र लिख कर मेरी नींद बाँध दी थी। वह वर्ष में एक दो बार आ जाता है और मुझ से प्रेम की बातें करता है। मुझे यहाँ आये हुए बारह वर्ष बीत गये और मेरे जीवन के इतने वर्ष व्यर्थ में गए।"

राजकुमारी ने यह भी बतलाया कि वह गुलिस्ताने-एरम की राजकुजारी बदी-उल-जमाल को जानती है। वह उसकी सखी है। राजकुमार को वह उससे मिलाने का प्रयत्न करेगी।

राजकुमार बड़ा प्रसन्न हुआ। उसने बतलाया कि उसके पास हज़रत सुलेमान की अँगूठी है। वह उसकी सहायता से दैत्य को मार सकेगा। दोनों शीघ्रता से उस दरिया की ओर चले जहाँ वह दैत्य रहता था। सैफ़ुल मुलूक ने ज्यों ही हज़रत सुलेमान की अँगूठी दिखलाई; दरिया से एक सुन्दर सन्दूक़ निकल आया। दोनों सन्दूक़ को उठा कर बाहर लाये। उस सन्दूक़ के भीतर जानवर के रूप में वह दैत्य था। सैफ़ुल मुलूक ने सन्दूक़ को तोड़-फोड़ कर जानवर का सर मरोड़ दिया। चारों ओर ज़ोर-ज़ोर का बवंडर उठा। ख़ून की वर्षा होने लगी। आकाश से एक बड़ा शिर गिरा; जिससे पृथ्वी हिल गई। दैत्य अपनी जीवन-लीला समाप्त कर चुका था।

दैत्य की मृत्यु से प्रसन्न राजकुमार और राजकुमारी एक नाव पर सवार होकर सिंहल द्वीप की ओर चल पड़े। एक द्वीप में पहुँचने पर दोनों की भेंट शिकार खेलने को आये हुए कुछ आदमियों से हुई। वे आदमी राजकुमारी के चचा की प्रजा थे। राजकुमारी का चचा ताजुल मुलूक, वासित नाम के नगर का राजा था।

सैफ़ुल मुलूक, राजकुमारी और उन लोगों के साथ वासित नगर पहुँचा। ताजुल मुलूक अपनी खोई हुई भतीजी को पाकर बड़ा प्रसन्न हुआ।

राजकुमारी के आने का समाचार सिंहल द्वीप भेजा गया। राजकुमारी के माता-पिता राजकुमारी को पाकर अत्यन्त प्रसन्न थे। उन्होंने सैफ़ुल मुलूक के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

सिंहल द्वीप में सैफ़ुल मुलूक ने कितने दिन आनन्द से बिताए। एक दिन वह घोड़े पर सवार होकर शिकार खेलने जा रहा था। उसने रास्ते में एक दुबले पतले व्यक्ति को देखा। उसकी सूरत शकल साअद से मिलती थी। सैफ़ुल मुलूक ने अपने साथ के आदमियों से उस व्यक्ति को राजभवन में ले जाने का आदेश दिया। वह बड़ी जल्दी शिकार से लौट आया। उसने उस नौजवान को बुलाया और उसके

सम्बन्ध में पूछ-ताछ करने लगा। नौजवान की बातों से सैफुल मुलूक को मालूम हुआ कि वह उसके मंत्री का लड़का--उसका परम-मित्र साअद है; जिससे वह समुद्र में नाव डूब जाने के कारण बिछुड़ गया था। दोनों मित्र एक दूसरे से गले मिले।

उन्हीं दिनों बदीउल जमाल सिंहल द्वीप आई। राजकुमारी से मिल कर वह बड़ी प्रसन्न हुई। बदीउल जमाल ने राजकुमारी से पूछा दैत्य के हाथ से कैसे उसका उद्धार हुआ। राजकुमारी ने कहा—बातें बड़ी लम्बी और रहस्य की हैं; चलो बागीचे में चल कर बातें करेंगे।

राजकुमारी अपनी माँ और बदीउल जमाल के साथ उस बाग़ीचे में आई; जहाँ सैफुल मुलूक नित्य घूमने जाया करता था। दोनों सखियाँ आपस में बातें कर रही थीं और सैफुल मुलूक थोड़ी दूर पर बैठा हुआ कुछ गा रहा था। बदीउल जमाल सैफुल मुलूक के स्वर को सुन कर मुग्ध थी। राजकुमारी ने बतलाया कि वही उसे दैत्य के हाथ से उद्धार करने वाला है। राजकुमारी, बदीउल जमाल के साथ सैफुल मुलूक के पास आई। सैफुल मुलूक और बदीउल जमाल दोनों एक दूसरे के सौन्दर्य को देख कर अपनी सुधि-बुधि खो चुके थे।

बदीउल जमाल के लिए माता-पिता की आज्ञा प्राप्त करना आवश्यक था। उसने एक पत्र अपनी दादी के नाम लिखा; जो सीमीपटन में रहती थी। उसने वह पत्र सैफुल मुलूक को दिया और एक जिन्न के साथ उसे सीमीपटन भेजा। सैफुल मुलूक जिन्न की पीठ पर सवार होकर क्षण मात्र में सीमीपटन पहुँचा। सीमीपटन की सीमा पर आग की ऊँची लपटें उठ रहीं थीं। सैफुल मुलूक को सीमीपटन का सौदर्न्य अद्भुत लगा। सीमीपटन की भूमि ईश्वरीय ज्योति से जगमगा रही थी। ज़मीन पर कंकड़ और पत्थर के रूप में हीरे-मोती बिखरे हुए थे। नगर में एक से एक आलीशान महल बने हुए थे और उन पर जड़ाऊ कलश रखे हुए थे। महलों के चारों ओर सोने की ऊँची दीवारें थीं जिनके भीतर सुन्दर बाग़ थे। उन बग़ीचों में अमृत के समान मीठे जल से भरी हुई सुन्दर नहरें बह रही थीं।

एक महल में अखण्ड नीलम के तख़्त पर बदीउल जमाल की दादी बैठी हुई थी। उसके चेहरे से शांति और पवित्रता की ज्योति प्रकाशित हो रही थी। सैफुल मुलूक ने उसे झुक कर सलाम किया और बदीउल जमाल का पत्र उसे दिया। दादी सैफुल मुलूक के सौन्दर्य और उसकी नम्रता से बड़ी प्रसन्न हुई और उसने विश्वास दिलाया कि वह बदीउल जमाल के साथ विवाह कराने में सैफुल मुलूक की मदद करेगी।

उसने तमाम देवों को एकत्र होने का आदेश दिया और देवों की एक बड़ी सेना एवं सैफुल मुलूक को साथ लेकर गुलिस्ताने-एरम में अपने पुत्र शहबाल से मिलने के लिए चली। गुलिस्ताने-एरम के पास आकर उसने शाहज़ादे को एक

बागीचे में बिठला दिया और स्वयं साथ के देवों के साथ नगर में गई।

दरियाये कुलज़ुम का बादशाह अपने भाई के सैफ़ुल मुलूक के द्वारा मारे जाने से बड़ा दुखी था। उसने अपनी सेना के सिपाहियों को आदेश दे रखा था कि उसके भाई को मारने वाला व्यक्ति जहाँ भी पाया जाय ज़िन्दा पकड़ कर उसके सामने उपस्थित किया जाय।

सैफ़ुल मुलूक उस बगीचे में घूम रहा था और खिले हुए रंगबिरंग फूलों को देख कर मन ही मन प्रसन्न हो रहा था। इतने में दरियाये कुलज़ुम के बादशाह के दूत उस बागीचे में पहुँचे। सैफ़ुल मुलूक से बातों ही बातों में उन्हें ज्ञात हो गया कि उनके बादशाह के भाई को मारनेवाला व्यक्ति वही है। वे ज़बरदस्ती सैफ़ुल मुलूक को पकड़ कर अपने बादशाह के पास ले गये और वहाँ वह बन्दी बना लिया गया।

बदीउल जमाल गुलिस्ताने-एरम आ गई थी। वह सैफ़ुल मुलूक के एका-एक ला पता हो जाने से बड़ी दुःखी थी। उसने अपनी दादी शहरबानू को उसकी लापरवाही पर बड़ा बुरा भला कहा और यह भी बतलाया कि सैफ़ुल मुलूक के बिना उसका जीवित रहना बड़ा कठिन है। शहरबानू ने अपने पुत्र शहबाल से कहा—कि यह उसके लिए बड़े अपमान की बात है कि कोई उसके राज्य से किसी व्यक्ति को बिना उसके आदेश के पकड़ मँगवावे।

शहबाल ने एक बड़ी सेना लेकर दरियाये कुलज़ुम पर आक्रमण की तैयारी की। दोनों बादशाहों की फ़ौजों में बडी भयंकर लड़ाई हुई और अन्त में दरियाये कुलज़ुम का बादशाह पकड़ा गया। शहबाल ने उससे इस शर्त पर संधि की कि वह सैफ़ुल मुलूक को बन्दी-गृह से मुक्त कर दे।

इस प्रकार बदीउल जमाल और सैफ़ुल मुलूक की शादी धूम-धाम से संपन्न हुई। सिंहल द्वीप के बादशाह के प्रार्थना करने पर वहाँ की राजकुमारी का विवाह साअद के साथ हुआ। कुछ दिनों तक गुलिस्ताने-एरम में रहने के बाद सैफ़ुक मुलूक और साअद दोनों राजकुमारियों और दहेज में प्राप्त अनगिनत अमूल्य पदार्थों एवं दास-दासियों के साथ अपने देश में पहुँचे।

प्रेम गाथा की परंपरा :

उपर्युक्त कहानी को पढ़ने में स्पष्ट है कि प्रेम-गाथा की जो धारा हिन्दी के प्रेम-मार्गी शाखा के कवियों—कुतुबन, मझन और जायसी के द्वारा प्रवाहित हुई; उसका बहुत बड़ा प्रभाव दक्खिनी-साहित्य पर पड़ा। उत्तरी भारत के हिन्दी-साहित्य में यह धारा थोड़े ही समय के बाद लुप्त होती दिखाई पड़ती है किन्तु दक्खिनी में बहुत बाद तक अविच्छिन्न रूप से प्रभावित होती रही। हिन्दी के प्रेम-मार्गी शाखा के कवियों ने जिस प्रकार प्रसिद्ध प्रेम कथाओं को लेकर काव्य-रचना की उसी प्रकार दक्खिनी के बहुत से कवियों ने लोक-प्रसिद्ध कथाओं को अपनी कविता

का विषय बनाया। जायसी आदि की भाँति इन कवियों ने जो कथानक लिए; उनका सारांश इतना ही है कि कोई राजकुमार किसी राजकुमारी के सौन्दर्य की चर्चा सुन कर या उसे चित्र में देख कर उस पर आसक्त होता है और उसे पाने का प्रयत्न करता है और बड़ी कठिनाइयों के बाद उसे प्राप्त करता है। जायसी आदि सन्तों ने अपनी रचनाएं मत प्रचार की दृष्टि से की थीं। उनकी रचनाओं में परोक्ष सत्ता के प्रति कहीं कहीं संकेत इतना स्पष्ट है कि कथा की श्रृंखला टूटती हुई सी प्रतीत होती है। दक्खिनी के कवियों की रचनाओं में इस प्रकार का कोई संकेत नहीं है। अस्तु; उनमें स्वाभाविकता अधिक है।

कहानी की मौलिकता :

ग़वासी ने स्वयं इस बात की चर्चा नहीं की है कि उसे यह कहानी कहाँ से प्राप्त हुई। पुस्तक के प्रारंभ में कुछ अपने बारे में लिखते हुए ग़वासी ने लिखा है कि एक दिन वह प्रातःकाल के समय बाग़ में घूमने गया था। हरे भरे वृक्षों पर सुन्दर फूल खिले हुए थे। ठंढी हवा बह रही थी। उस प्राकृतिक सौन्दर्य को देख कर अचानक उसके मनमें आया कि उसे कोई ऐसा काम करना चाहिए; जिससे उसका नाम अमर हो जाए। अचानक उसे अन्तःकरण में यह प्रेरणा हुई :—

"कि सैफुल मुलूक हौर बदीउल जमाल
यू दोनों हैं आलम मने बेमिसाल

उनन दुइ का दास्ताँ खोल तूँ
सो दफ्तर उनन इश्क़ का खोल तूँ

कि कई दास्ताँ जग में हो गए अहें
वले कोई ऐसा नहीं कए अहें"

उपर्युक्त पंक्तियों से स्पष्ट है कि ग़वासी ने इस बात को स्वीकार किया है कि सैफ़ुल मुलूक और बदीउल जमाल की कहानी एक प्रसिद्ध कहानी है और कहानी का कथानक उसकी मूल कल्पना नहीं है।

वस्तुतः सैफ़ुल मुलूक और बदीउल जमाल की प्रेम कहानी अलिफ लैला की एक प्रसिद्ध कहानी है। पंचतंत्र; हितोपदेश एवं कथासरित्सागर की कहानियों की भाँति अलिफ़ लैला की कहानियाँ विभिन्न देशों में लोक कथाओं के रूप में प्रचलित हैं। इन कथाओं का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हुआ है या उन कथाओं के आधार पर कहानियाँ लिखी गई हैं। विलियम हार्ट ने अलिफ़ लैला के विभिन्न भाषाओं में अनुवादों की चर्चा करते हुए लिखा है कि ग़वासी ने अपनी इस मसनवी की कथा "सैफ़ुल मुलूक" नाम की एक फ़ारसी गद्य की पुस्तक से लिया है। यह पुस्तक

इंडिया आफ़िस और ब्रिटिश म्यूजियम के पुस्तकालयों में उपलब्ध है। इस पुस्तक के लेखक का पता नहीं है। पुस्तक के प्रारंभ में जो भूमिका दी गई है; उसका सारांश निम्नांकित है :—

सुल्तान महमूद ग़ज़नवी को कहानियों के सुनने का बड़ा शौक़ था। जो कोई एक दिलचस्प कहानी पेश करता; वह इनाम पता। सुल्तान का वज़ीर इस प्रकार धन लुटाए जाने से बड़ा परेशान था; उसने स्वयं एक दिलचस्प कहानी उपस्थित करने का निश्चय किया।

वज़ीर एक वर्ष का अवकाश लेकर घूमने के लिए निकला और दमिश्क़ के बादशाह के दरबार में पहुँचा। वहाँ उसे पता चला कि बादशाह के पास एक कहानियों की पुस्तक है; जिसमें बहुत सी दिलचस्प कहानियाँ संग्रहीत हैं। उसने बड़ी कठिनाई से उस पुस्तक को प्राप्त किया और उन कहानियों को सुल्तान महमूद के सामने उपस्थित किया। उस पुस्तक में तीन कहानियाँ थीं :—(१) बोस्तान एरम; (२) सैफ़ुल मुलूक और (३) शाहपाल बिनशाह रुख़ की कहानी।

उपर्युक्त कहानी का कोई ऐतिहासिक महत्व हो या न हो उससे इतना पता अवश्य चलता है कि जिस लेखक ने फ़ारसी गद्य में सैफ़ुल मुलूक की कहानी लिखी; उसे भी यह कहानी किसी अन्य पुस्तक से प्राप्त हुई।

कुछ लेखकों ने संभवतः विलियम हार्ट के कथन के आधार पर इस बात को स्वीकार कर लिया है कि ग़वासी ने सचमुच अपनी इस मसनवी का कथानक फ़ारसी गद्य में लिखी उपर्युक्त पुस्तक से लिया। उन्होंने इस बात के लिए ग़वासी की काफ़ी लानत-मलामत भी की है कि उसने अपनी रचना में न उस पुस्तक की चर्चा की है और न उसके लेखक के प्रति कोई कृतज्ञता व्यक्त की है; जिस पुस्तक से उसने अपनी मसनवी का कथानक लिया है।

वस्तुतः ऐसा प्रतीत होता है कि ग़वासी को इस कथानक का थोड़ा बहुत रूप लोक कथाओं के रूप में प्राप्त हुआ होगा और उसने पुनः अपनी प्रतिभा से उसे साहित्यिक रूप दिया होगा। सैफ़ुल मुलूक के कथानक की जो फ़ारसी गद्य की प्रति उपलब्ध है; उसमें एवं ग़वासी की इस मसनवी के पात्रों के नाम एवं कथानक के रूप में भी स्थान स्थान पर बड़ा अन्तर है। अस्तु; केवल विलियम हार्ट के कथन के आधार पर ग़वासी की इस मसनवी को किसी दूसरी पुस्तक का अनुवाद-मात्र मान लेना ग़वासी और उसकी प्रतिभा के प्रति बड़ा अन्याय होगा।

उपलब्ध-प्रतियाँ :

१—सालारजंग म्यूजियम; हैदराबाद के पुस्तकालय में सैफ़ुल मुलूक व बदीउल जमाल की तीन हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध हैं —

(क) पहली प्रति ८×६ इंच आकार की है। इसमें शेरों की संख्या १८२२ है।

देखने में प्रति पूर्ण मालूम होती है, किन्तु बीच-बीच में अन्य प्रतियों में प्राप्त कुछ शेर नहीं हैं। पुस्तक में सम्पादक और संपादन काल के सम्बन्ध में कुछ नहीं लिखा है किन्तु अक्षरों की बनावट और लिखने के ढंग से पता चलता है कि प्रति पुरानी है।

(ख) दूसरी प्रति क्राउन साइज़ की है। इसमें शेरों की संख्या १८७२ है। पुस्तक में सम्पादन-काल १०६७ हिजरी लिखा है। पुस्तक में सम्पादक का नाम नहीं है।

(ग) तीसरी प्रति डेमी साइज़ की है। इस प्रति में तीन पुस्तकें एक साथ सम्पादित की गई हैं। पहले मुक़ीमी की रचना चन्दन बदन महयार; उसके बाद आजिज़ की रचना लैला-मजनूँ और अन्त में ग़वासी की सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल संपादित है। पुस्तक के अन्त के कुछ पृष्ठ नहीं हैं अस्तु; सैफुल मुलूक का अंश पूर्ण नहीं है। इस प्रति का सपादन करने वाला रहमतुल्ला नाम का कोई व्यक्ति था; जो दिल्ली का रहने वाला था किन्तु पुस्तक का संपादन उसने औरंगाबाद में रह कर किया। सम्पादन काल ११५७ हिजरी है।

२—निजाम कालेज हैदराबाद के रिटायर्ड उर्दू प्रोफेसर श्री आगा हैदर हसन साहब के पुस्तकालय में भी सैफुल मुलूक की एक प्रति मौजूद है। इस प्रात में भी नुसरती के 'गुलशन-इश्क' और 'सैफुल मुलूक' दोनों का सम्पादन एक ही पुस्तक में किया गया है। इस प्रति का सम्पादक दक्खिनी का प्रसिद्ध कवि वज्दी है, जिसकी 'पंछीबाचा' नाम की रचना उपलब्ध है। इस प्रति में वज्दी के लिखे कुछ शेरों से पता चलता है कि उसने इस प्रति का संपादन इस्माइलखा नाम के किसी व्यक्ति के कहने पर ११३८ हिजरी में किया।

३—इदारे अदबियाते उर्दू; हैदराबाद के पुस्तकालय में इस पुस्तक की एक प्रति है। इस प्रति में ११४ पृष्ठ हैं; प्रत्येक पृष्ठ में १३ पंक्तियाँ हैं। पुस्तक ७½×४¾ इंच आकार की है। पुस्तक का सम्पादक ज़ैनुल आबदीन हुसेनी ने १२२६ हिजरी में किया।

४—उपर्युक्त प्रतियों के अतिरिक्त "यूरोप में दक्खिनी मख़तूतात" के लेखक श्री नसीरुद्दीन हाशमी ने योरोप के पुस्तकालयों में प्राप्त कुछ और प्रतियों की चर्चा की है:—

(क) "सैफुल मुलूक व बदीउल जमाल" की एक प्रति इंडिया आफ़िस के पुस्तकालय में सुरक्षित है। इस प्रति का संपादक अज़ीजुल्ला नाम का व्यक्ति है और इसका संपादन काल ११३३ हिजरी है।

(ख) पुस्तक की दूसरी प्रति ब्रिटिश म्यूज़ियम पुस्तकालय के ओरियंटल विभाग में है। इस प्रति का संपादन काल ११५६ हिजरी है। संपादक के नाम का

पता नहीं है ।

(ग) कैम्ब्रिज विश्व विद्यालय के पुस्तकालय में इस पुस्तक की दो प्रतियाँ उपलब्ध हैं । इन प्रतियों के संपादन काल एवं संपादक का पता नहीं ।

५—उपर्युक्त हस्तलिखित प्रतियों के अतिरिक्त यह पुस्तक दो स्थानों से फ़ारसी लिपि में प्रकाशित हो चुकी है :—

(क) सन् १८७१ में यह पुस्तक हैदरी प्रेस; बम्बई की ओर से प्रकाशित हो चुकी है ।

(ख) हैदराबाद में नवाब सालार जंग की संरक्षता में कुछ विद्वानों की एक उपसमिति बनी । उस उपसमिति ने इस पुस्तक को प्रकाशित किया है । पुस्तक सन् १९४६ में प्रकाशित हुई और इसका संपादन श्री मीर सआदत अली रिज़वी ने किया है ।

प्रस्तुत पुस्तक का संपादन दोनों छपी हुई पुस्तकों और इदारे अदबियाते उर्दू के पुस्तकालय में प्राप्त प्रति के आधार पर किया गया है । हम इन पुस्तकों के संपादकों के आभारी हैं ।

पुस्तक में कुछ स्थानों पर प्रूफ की अशुद्धियाँ रह गई हैं । भाषा पुरानी होने के कारण संभव है कुछ और त्रुटियाँ रह गई हों; हम उनके लिए क्षमा प्रार्थी हैं ।

हैदराबाद (दक्षिण)
२१ दिसम्बर; ५४

राजकिशोर पाण्डेय
अकबरुद्दीन सिद्दीक़ी

विषय—सूची

गोलकुण्डा

मुल्ला ग़वासी

हम्द[१]

इलाही जगत का इलाही सो तूँ
करनहार जम[२] बादशाही सो तूँ

तेरे हुक्म तल नौ गढ़[३] आसमान के
रैय्यत मलक[४] तेरे फ़रमान के

भरया तिस गढ़ाँ बीच तारे हशम[५]
करें नौबताँ[६] सूँ उलंग[७] दम बदम

फ़रंग्याँ[८] सूँ बिजल्याँ के रुचसाज़[९] तूँ
ज़ुहल[१०] कूँ रख्या कर फरंगदाज़[११] तूँ

जहाँ लग जो बादल के हैं गड़गड़ात
तेरी फ़तह[१२] दौलत दमामे के ठाट

हती[१३] तेरे दरबार के फाड़[१४] सब
छड़ीदार तुज[१५] दार[१६] के झाड़ सब

जो बारह इमामाँ हैं उन पर सलाम
सो बारह सिलहदार[१७] तेरे मुदाम[१८]

नव्याँ हौर बाज़े वल्याँ हैं जिते
तेरे दार के सरगुरू[१९] हैं विते[२०]

तेरी बादशाही को कुछ अन्त नईं
तेरे मुल्क में ग़ैर को पन्त[२१] नईं

---

१ ईश्वर की स्तुति २ हमेशा ३ इस्लाम के अनुसार आसमान के ६ खण्ड ४ फरिश्ते ५ शान शौकत वाले ६ बारी बारी से ७ लाँघना, छलाँग मारना ८ तलवार ९ रुचि के साथ सजाना १० ग्रह विशेष (शनिश्चर) ११ सिपाही १२ फ़तह की दौलत, विजय का धन, विजय के बाद बजने वाले बाजे १३ हाथी १४ पहाड़ १५ तुम; तुम्हारे १६ द्वार १७ सन्तरी १८ हमेशा १९ बड़ा दर्जा रखने वाले २० उतने ही २१ पन्थ, रास्ता ।

ख़ज़ीने[1] भरया ग़ैब के ग़ैब ते[2]
हुआ तूँ अपे[3] पाक फिर ऐब ते

बसाया है तिर्जग[4] का एक हाट तूँ
दिखाया हर एकस[5] कूँ एक बाट तूँ

खुलाया जनत की किवाड़ाँ तुहीं
बँधाया शफ़क़[6] के पहाड़ाँ तुहीं

चँदा में ते तूँ चन्दना काढ़ता
सूरज ते गरम धूप तूँ पाड़ता[7]

दिखाता तमाशे अजब दूर थे
दिपाता[8] है लख नूर एक नूर थे

हरया कर रख्या तूँ जमीं सात कूँ
दिया रंग फल फूल हौर पात कूँ

नवे फूल डाल्याँ पे बार आई सो
वो तशरीफ़[9] है तुज कने पाई सो

जो कुछ तूँ करे सो सरे[10] जम तुझे
सदा सेवे मिल सात आलम तुझे

ग़वासी जो तुज दार का ख़ाक है
तेरी बाट का महज़ ख़ाशाक[11] है

दिखा कीमियाँ कर तूँ मुझ ख़ाक कूँ
दे रंग बास मुज दिल के फल फाँक कूँ

---

१ ख़ज़ाना २ ग़ैब के ख़ज़ीने ग़ैब ते भरया—बहुत से ऐसे ख़ज़ाने, जो लोगों को मालूम न थे, उन्हें अनजाने ढ़ंग से तू ने भर दिया है। ३ आप, स्वयं, ख़ुद ४ त्रिजग, तीनों लोक ५ हर एक को ६ प्रातःकाल और सायंकाल आकाश की लालिमा ७ (मराठी) निकालना ८ दीप्त करता, प्रकाशित करता ९ ख़िल्लत, बादशाह की ओर से इनाम के रूप में प्राप्त हुआ लिब़ास १० मुनासिब ११ तिनका।

दुआ

रहीमा सचा तूँ ग़नी[1] होय रे
ग़नी तुज बग़ैर अज़[2] नहीं कोय रे

तूँ मक़बूल[3] है मुक़बिलाँ[4] का सचीं
तू ही नूर रौशन दिलाँ का सचीं

जो कोई ज़िन्दा दिल है तूँ उनका हयात[5]
जो कोई होवे तुज साथ तूँ उनके सात

जो हूँ या इलाही तेरा दास मैं
किया हूँ बहुत एक तेरी आस मैं

तूँ मुज दास पर खोल दर[6] फ़ैज़[7] का
मेरे मन मनें[8] भर असर फ़ैज़ का

तरावत[9] दे मुज आस[10] के बाग़ कूँ
दवा बख़्श मुझ दर्द के दाग़ कूँ

वफ़ा में बड़ा कर जवाँमर्द मुज
तेरे बाट का करके रख गर्द मुज

अता कर मुझे कुच तेरे नावँ सूँ
दे परवाज़ मुजकूँ बलन्द धावँ[11] सूँ

तेरे नूर की रह दिखाना मुझे
दिला आक़िबत का बिछाना मुझे[12]

जिलादे मेरे जीव की आग कूँ
दे रंग बास मुज दिल की फल फाँक कूँ

---

१ जिसे किसी चीज की आवश्यकता न हो २ तेरे सिवा ३ प्राप्ति ४ भक्त ५ जीवन ६ दरवाजा ७ कृपा ८ में ९ तरावट १० आशा का बाग ११ ऊँचा धाम, ऊँची जगह, मन की ऊँची स्थिति १२ दिला........मुझे—क़यामत के समय आराम का बिछौना दे।

सदा कस्ब[1] मेरा सो एख़्लास[2] कर
तेरे ख़ास बन्दों में मुज ख़ास कर

जका[3] जोत तुज ध्यान केरा रतन
मेरे मन के सन्दूक़ में रख जतन

हुमाँ[4] कर मुजे बाट के औज का
शहंशाह कर ज्ञान की फ़ौज का

मसीहा का दे मुजकूँ आसार जम[5]
मेरी जीब कूँ कर शकर[6] बार जम

भर अमृत के चश्मे मेरे किल्क[7] में
रतन ग़ैब के ल्या मेरे सिल्क[8] में

जो ग़वास हो तुज सराता[9] अछूँ
नवे मज़मुना धुन्द[10] ल्याता अछूँ

ब हक्के[11] नबी है जो तेरा रसूल
मुनाजात[12] ग़व्वास का कर क़बूल

१ प्राप्त किया हुआ २ मुहब्बत से प्राप्त करने दे ३ जगा ४ एक विशेष पक्षी, जिसके सम्बन्ध में विश्वास है कि उसकी छाया जिस पर पड़ जाती है, वह बादशाह हो जाता है। ५ मसीहा......आसार जम—मुझे मसीहा की शक्ति दे ६ मिठास बरसाने वाली ७ क़लम ८ लड़ी; विचारों की लड़ी ९ तेरी सराहना करता रहूँ १० ढूँढ़ना ११ नबी के नाम पर १२ प्रार्थना।

नात[1]

सचा तूँ मुहम्मद सचा मुस्तफ़ा
सचा है तूँ अहमद सचा मुरतुज़ा[2]

तूँ ताहा तूँ यासीन तूँ अबतही[3]
तूँ उम्मी[4] तूँ मक्की[5] तूँ मुरसिल[6] सही

तूँ अव्वल तूँ आख़िर[7] तू ही है अमीर
तूँ ज़ाहिर तूँ बातिन[8] नबी बे नज़ीर

तुही हाशमी हौर कुरैशी[9] रसूल
जो कुछ तूँ कहे सो करे रब कुबूल

तूँ क़ायम तूँ हुज्जत[10] तूँ हाफिज सचा
तूँ शाफ़े[11] तूँ साबिक़ तूँ वायज़[12] सचा

तक़ी[13] हौर सख़ी तूँ वली हौर ख़लील[14]
दिया तुज नबी नाँव रब्बुल् जलील

ख़ुदा के नब्याँ[15] का सो सुल्तान तूँ
देवनहार साऱ्याँ कूँ ईमान तूँ

तूँ साहब सचा है जगत तीन का
सदा तुज थे मामूर[16] घर दीन का

तूँ ज़ाहिर तूँ पिन्हा[17] अछे सब सिते[18]
वले[19] हर कड़ी मिल अछे रब सिते

---

